तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025


16 साहू समाज की समीक्षा बैठक में निर्विरोध चुने गए...


18 शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस



## खबर संक्षेप

### संदिग्ध राशन कार्ड के सदस्यों का होगा सत्यापन

**बलौदाबाजार** | सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत रैश खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत प्रचलित राशन कार्डो में विभिन्न श्रेणी के जारी राशन कार्डो में कुछ राशन कार्ड सदस्यों को संदिग्ध माना गया है। ऐसे राशन कार्ड सदस्यों का सत्यापन किया जा रहा है। संदिग्ध राशन कार्ड सदस्यों की सूची पीड़ीएस दुकानों को उपलब्ध करा दी गई है। राशन कार्ड पात्रता के सम्बन्ध में अपना वांछित दस्तावेज सम्बधित उचित मूल्य दुकान संचालक को उपलब्ध कराना होग़ा। जारी राशन कार्ड के सत्यापन के दौरान वास्तविक जानकारी देना होग़ा। गलत जानकारी, साक्ष्य या दस्तावेज उपलब्ध कराने पर पात्रता निरस्त कर दी जाएगी एवं अगले माह से भारत सरकार द्वारा खाद्यान्न आबंटन बंद कर दिया जाएगा।

### भरुवाडीह कला में निकलीं हरे सोने की बालियां



**खरोरा** | छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र भरुवाडीह कला में किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई है। यहाँ की प्रमुख फसल धान, जिसे हरा सोना भी कहा जाता है, की बालियां निकलने लगी हैं। यह दृश्य देखकर कृषकों का उत्साह देखते ही बन रहा है। ग्राम के अग्रणी कृषक धीरेंद्र कुमार वर्मा एवं रामू निषाद ने बताया कि महीनों की कड़ी मेहनत, समर्पण और उचित फसल प्रबंधन के परिणामस्वरूप उनकी फसल ने अब अच्छी प्रगति दिखाई है।उन्होंने बताया कि इस वर्ष वर्षा भी समय पर और अच्छी हुई है, जिसके कारण फसल की स्थिति उत्तम बनी है। "हमारी सारी मेहनत अब रंग लाने लगी है। बालियों का निकलना, खेतों में हरियाली का बढ़ना और फसल का स्वास्थ्य हमें बहुत आशावादी बना रहा है। उम्मीद है कि इस बार उत्पादन भी बेहतर होगा," दोनों कृषकों ने साझा किया। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव का माहौल व्याप्त है, क्योंकि किसानों की उम्मीदें फलीभूत होती दिख रही हैं। फसल की सफलता से गांव की आर्थिक स्थिति भी सशक्त बनेगी। कृषि विशेषज्ञ भी इस स्थिति को देखकर संतोष व्यक्त कर रहे हैं।

### सुखीपाली में बेटे ने की पिता के साथ मारपीट

**महासमुंद**। पिता के साथ मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी बेटे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को ईश्वर राणा निवासी ग्राम सुखीपाली ने बताया कि सगे भाई एवं बड़े पिताजी का देहांत हो जा जाने से तीज कार्यक्रम के लिए सामान खरीदकर लाया था। जिसे 15 सितंबर की शाम करीबन 7 बजे पत्नी उत्तरा राणा के साथ कहासुनी हो गई। जिसे सुनकर मेरे बेटे मुकेश राणा ने मेरी मां को चिल्ला रहे हो कहकर गाली गलौज करते पास में पड़े डंडे को उठाकर सिर में मार दिया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बुजुर्ग से मारपीट

**महासमुंद**। बुजुर्ग से मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जधुरस चौहान पिता तिलराम चौहान (65 साल) तिलंजनपुर ने बताया कि उसका लड़का शिवलाल शराब पीकर घर में वाद विवाद करता रहता है, जिससे परिवार परेशान है। 15 सितंबर की रात करीब 8 बजे शराब पीकर आकर विवाद करने लगा, जिसे मना किया और समझाया।

# बच्चों के साथ धरने पर एनएचएम कर्मी, 33 जिलों में 30 दिनों से आंदोलन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

दशहरा मैदान में धरने पर बैठे ये लोग सामान्य प्रदर्शनकारी नहीं, बल्कि वे स्वास्थ्य कर्मी हैं जिनके हाथों में गरीब मरीजों की जिंदगी की डोर होती है। छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिला मुख्यालयों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हजार कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 30 दिनों से तपती धूप और बरसात में अनवरत धरना दे रहे हैं।

ये वही कोरोना योद्धा हैं जिन्होंने महामारी के कठिन दौर में अपनी जान की परवाह किए बिना लाखों लोगों का जीवन बचाया था। आज वही कर्मी नियमितीकरण, वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण, ट्रांसफर

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार से न्याय की गुहार



### स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर

स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि वर्षों तक अस्थायी कर्मचारी के रूप में काम करने के बाद भी उनकी नौकरी असुरक्षित है। कम वेतन और सीमित लाभ उन्हें इस महंगाई के दौर में सम्मानजनक जीवन जीने से रोक रहे हैं।

सुविधा, पारदर्शी सीआर सिस्टम, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल व अन्य अवकाश, आरक्षित भर्ती सीटें, 10 लाख का कैशलेस मेडिकल इंश्योरेंस और पब्लिक हेल्थ केयर की स्थापना जैसी बुनियादी मांगों के लिए सड़क पर बैठने को मजबूर हैं।

इसका असर न केवल उनके मनोबल पर बल्कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सेवा पर भी पड़ रहा है। कर्मियों ने सरकार से संवेदनशील होकर उनकी मांगें पूरी करने की अपील की है। यह सिर्फ बलौदाबाजार की नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मियों की आवाज है, जिनका संघर्ष प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए है।

### मंत्री वर्मा शिक्षक एवं पत्रकार सम्मान समारोह में हुए शामिल

# शिक्षक व पत्रकार समाज के दो महत्वपूर्ण आधार स्तम्भः कैबिनेट मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मंगलवार को बलौदाबाजार के नगर भवन में आयोजित शिक्षक एवं पत्रकार सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने समाज में सकारात्मक योगदान के लिए शिक्षकों और पत्रकारों का सम्मान किया।उन्होंने इस दौरान अपने विद्यार्थी जीवन की यादें भी साझा की और छत्तीसगढ़ी गीत गाकर अपने उद्गार व्यक्त किए।

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि शिक्षक और पत्रकार समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। शिक्षक ज्ञान का प्रसार करते हैं और छात्रों को व्यक्तिगत विकास के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। दूसरी ओर पत्रकार समाचार और जानकारी को जनता तक पहुंचाते हैं और जनता की समस्याओं को जिम्मेदारो तक पहुंचाने में मदद करते हैं।शिक्षकों का योगदान समाज के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण है, जबकि पत्रकार समाज में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने में मदद करते हैं। दोनों ही पेशेवर समाज के विकास और सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इन दोनों पेशेवरों के योगदान को पहचानना और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। श्री वर्मा ने कहा कि मंत्री के रूप में उच्च शिक्षा की दिशा में अग्रणी जिले के रूप में स्थापित करने के लिए भरसक प्रयास किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।

### किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे बलौदाबाजार शहर किया स्वागत

**बलौदाबाजार** | किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर बलौदाबाजार शहर पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यालय बलौदाबाजार में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से परिचयात्मक मुलाकात की। कार्यकर्ताओं ने उनका



फूल-मालाओं और नारों के साथ भव्य स्वागत किया। इसके बाद आयोजित बैठक में ठाकुर ने केन्द्र और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं। साथ ही, उन्होंने योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। सभा को भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर आलोक ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा जिला बलौदाबाजार भाटापारा किसान मोर्चा ने विपक्ष में रहते हुए संगठनात्मक एवं आंदोलनात्मक कई ऐतिहासिक कार्यक्रम किये हैं आज के परिपेक्ष्य में केन्द्र की मोदी सरकार तथा राज्य में विष्णु देव सरकार के द्वारा किसान हित में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है।

# सिमगा व भाटापारा क्षेत्र से 15.84 लीटर मदिरा जब्त, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई जारी है। सचिव सह आबकारी आयुक्त आर. संगीता, कलेक्टर दीपक सोनी और जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के निर्देश पर शनिवार एवं सोमवार को सिमगा और भाटापारा वृत्त में अलग-अलग स्थानों पर अवैध देशी मदिरा जब्ती की कार्रवाई की गई।

सिमगा के ग्राम बुड़गहन, थाना सुहेला क्षेत्र में आरोपी सावित्री बंजारे से 9.0 बल्क लीटर, वहीं अहिल्या गेंडरे से 6.84 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त की गई। जब्त शराब की बाजार कीमत 8,800 रुपये आँकी गई। इसी तरह, सोमवार को भाटापारा वृत्त में ग्राम रोहरा, थाना भाटापारा ग्रामीण निवासी संजय साहू के पास से 10.80 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला बरामद की गई, जिसकी कीमत 6,000 रुपये है।

### न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

तीनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59-क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालयीन अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### कार्रवाई में रही सक्रिय भागीदारी

कार्रवाई में उप निरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू और मुख्य आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी की विशेष भूमिका रही। आबकारी विभाग द्वारा आगे भी ऐसी कार्रवाइयों को लगातार जारी रखने की बात कही गई है।

### संकुल केंद्र पचरी में हुई विज्ञान क्विज प्रतियोगिता



**खरोरा**। संकुल केंद्र पचरी में जिला परियोजना समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में छड़िया, कुम्हारी, आलेसुर और पचरी विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने विज्ञान से संबंधित सवालों के जवाब देकर प्रतियोगिता को रोचक बनाया। संकुल समन्वयक कांत कुमार और प्राचार्य प्रकाशचंद गिलहरे ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालयों के प्रधान पाठक और शिक्षक भी उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि और आत्मविश्वास बढ़ा।

# नपाध्यक्ष की शिकायत पर कलेक्टर ने गठित की जांच समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ भाटापारा में निर्माणाधीन नाली की दीवार ढहने के मामले में कार्रवाई

नगर पालिका क्षेत्र वार्ड क्रमांक 25 में चर्च से रेलवे क्रॉसिंग तक आरसीसी नाली निर्माण का कार्य चल रहा था। यह कार्य 15वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत किया जा रहा था, लेकिन निर्माणाधीन स्थिति में ही नाली की दीवार गिर गई, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता और नाराजगी का माहौल बन गया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तीन ▶▶ शेष पेज 16 पर

### अब तक नहीं हुआ भुगतान

नगर पालिका परिषद भाटापारा ने स्पष्ट किया है कि इस निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार को अब तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### पारदर्शिता पर जोर

कलेक्टर द्वारा गठित समिति को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि स्थल निरीक्षण कर तकनीकी और गुणवत्ता संबंधी सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच की जाए। रिपोर्ट में किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए।

## छात्रावास में बच्चों से मारपीट करने वाला अधीक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

सारंगढ़ विकासखंड के प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास गोडम में अधीक्षक द्वारा बच्चों से मारपीट की घटना जैसे ही कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के संज्ञान में आया। उन्होंने जिला स्तरीय तीन सदस्यीय जांच टीम भेजा और जांच प्रतिवेदन के आधार पर तत्काल निलंबित (सस्पेंड) किया है। उल्लेखनीय है कि छात्रावास अधीक्षक खगेश्वर यादव ने दो बच्चों और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ मारपीट किया था। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कार्यालय सारंगढ़ रहेगा और उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# सर्पदंश से 7 वर्षीय मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के लवन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मर्दा में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। 7 वर्षीय बच्ची भूमि कुमारी, पिता गंगाप्रसाद पटेल, को सांप ने डंस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात लगभग 11 बजे भूमि कुमारी अपनी मां बिरसपति पटेल के साथ खाट पर सो रही थी। इसी दौरान लगभग 3 फीट लंबा करैत (घोड़ा करैत) सांप बिस्तर में चढ़ आया और ▶▶ शेष पेज 16 पर





### मामले की जांच है जारी

परिजन तत्काल उसे पास के स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मौके पर पहुंची लवन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लवन अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बरसात के मौसम में इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं, जब सांप बिस्तरों या कथरी में छुप जाते हैं। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग इस दुःखद हादसे से सदमे में हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि बरसात के समय विशेष सतर्कता बरतें और सोने से पहले बिस्तर और आसपास की जगहों की जांच जरूर करें।

### ग्रामीणों को इसके लाभ के बारे में किया जागरूक

# अल्ट्राटेक रावन ने बांटे 800 रिफ्लेक्टिव कॉलर बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा जनहित में सराहनीय पहल करते हुए सड़क पर विचरण करने वाले पशुओं की सुरक्षा के लिए 800 रिफ्लेक्टिव कॉलर बेल्ट ग्राम पंचायत रावन एवं श्री हरिहर गौ सेवा समिति को प्रदान किए गए। यह पहल संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से की गई है।

ग्राम पंचायत सरपंच अमर सिंह नेताम, समिति प्रमुख निखिल वर्मा एवं समिति के सदस्यों ने इन बेल्टों को पशुओं पर सावधानीपूर्वक लगाया और ग्रामीणों को इसके लाभ के बारे में जागरूक किया। उच्च गुणवत्ता वाली परावर्तक सामग्री से बने ये बेल्ट अंधेरे में रोशनी पड़ते ही दूर से चमक उठते हैं, जिससे वाहन चालकों को सतर्कता बरतने में मदद मिलेगी। ग्रामीणों और पंचायत पदाधिकारियों ने इस प्रयास के लिए संयंत्र प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। इस परियोजना को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष संजीव मिश्रा, सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय का विशेष योगदान रहा।



### कुकुरदी संयंत्र में लगा श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर

**बलौदाबाजार**। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच एवं निःशुल्क परामर्श-दवा वितरण के उद्देश्य से श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेंट संयंत्र परिसर में श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। श्रम पदाधिकारी बलौदाबाजार सुरज कुमार की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर में 207 श्रमिकों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। प्रतिभागियों को निःशुल्क परामर्श एवं दवाएं प्रदान की गईं। यह कार्यक्रम अल्ट्राटेक यूनिट हेड पवन कुलकर्णी के नेतृत्व में तथा प्रतीक भटनागर (एफएच-एचआर), अंतर्यामी सामल (डीएच-ईआर) और बलराम सिंह भाटी (डीएच-एडमिन) के कुशल संचालन में संपन्न हुआ। शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट बलौदाबाजार, ईएसआईसी बलौदाबाजार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रिसदा, श्री सीमेंट एवं नुवोको सीमेंट संयंत्र रिसदा के चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईआर एवं एडमिन विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अल्ट्राटेक प्रबंधन ने सभी सहयोगी संस्थानों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का आभार व्यक्त किया।



# डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को और प्रभावी बनाने पर ज़ोर



**भाटापारा**। मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत भाटापारा में स्वच्छता दीदियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, स्वास्थ्य विभाग सभापति सतीश तलरेजा, सीएमओ ज़फ़र ख़ान, समस्त पार्षदगण एवं सुपरवाइज़र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष चर्चा की गई।

स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी से जोड़ने और प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भूमिका निभाने हेतु आह्वान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ भाटापारा का निर्माण ही हमारी प्राथमिकता है। यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को बेहतर वातावरण और जीवन स्तर प्रदान करेगा। यह बैठक शहर की स्वच्छता व्यवस्था को नई दिशा देने और स्वच्छ भाटापारा – सुंदर भाटापारा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम साबित होगी।


|| HAPPY SRI VISHWAKARMA JAYANTI ||
समस्त प्रदेशवासियों को श्री विश्वकर्मा जयंति की शुभकामनायें
एक ही छत के नीचे सम्पूर्ण श्रृंखला
आपकी तरक्की में हाथ.. अरुण के कृषि यंत्रों का हाथ
अरुण ट्रेड कम्बाइन्स - कृषि उपकरणों की निर्माण में अग्रणी. हम बनाते हैं कृषि उपकरणों की वृहद श्रंखला.
अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण सर्वाधिक उपयोग में आने वाले उपकरण, जो बनते हैं बेस्ट पार्ट्स व कॉम्पोनेंट्स से.
अशोका सुपर डीलक्स थ्रैशर
शासन द्वारा अनुदान उपलब्ध
एलिवेटर मॉडल भी उपलब्ध
मजबूती का हाथ.. किसानों के साथ
• 5 फैन मॉडल
• 6 फैन मॉडल
• 7 फैन मॉडल
आसान फाइनेंस की सुविधा
बिक्री पश्चात सेवा सुविधा
ट्रेक्टर लोडर
ट्रेक्टर कम्प्रेशर
कॉन्क्रीट मिक्सर
ट्रेक्टर ट्रेलर
कुट्टी मशीन
ट्रेक्टर हार्वेस्टर कंबाइन
ट्रेक्टर लोडर
ट्रेक्टर हॉलर मिल
ट्रेक्टर क्रेन
ट्रेक्टर पोल इरेक्टर
मिनी ट्रेक्टर विथ लोडर
ट्रेक्टर कुट्टी मशीन
रीपर
ट्रेक्टर ज़ायरोवेटर
वाटर टैंकर
ट्रेक्टर ट्रेंचर
हाइड्रॉलिक ग्रेडर
लेवलर
अरुण ट्रेड कम्बाइन्स
माना रोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.) मोबाइल - 95168 55103
बलौदाबाजार - 9826611773 • भाटापारा - 9589898921
नयापारा - 9926148053 • अभनपुर- 7389886184


संत शिरोमणी सद्गुरू कबीर साहब जी
देश के यशस्वी प्रधानमंत्री
नरेन्द्र भाई मोदी जी
को उनके 75वें जन्मदिन पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
17 सितम्बर
एवं भारतीय जनता पार्टी छ.ग. के
प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर के विधायक आदरणीय
किरण सिंह देव जी को उनके 63वें जन्मदिन पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
दासजी साहू
संगीता मिश्रा
प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता
प्रदेश महामंत्री
मंडल अध्यक्ष तिल्दा नेवरा
जिला अध्यक्ष रायपुर जिला
प्रदेश उपाध्यक्ष
जिला उपाध्यक्ष
वार्ड अध्यक्ष वार्ड क्र. 4 तिल्दा
तहसील अध्यक्ष-सुहेला महिला प्रकोष्ठ
तहसील महामंत्री
वार्ड अध्यक्ष
किशोर साहू
प्रदेश मीडिया प्रभारी
प्रदेश उपाध्यक्ष छ.ग.
सौजन्य - दासजी साहू, हरिभूमि संवाददाता, हरिभूमि अखबार में समाचार एवं विज्ञापन हेतु संपर्क करे।
दासजी साहू, प्रदेश महासचिव, प्रदेश प्रभारी छ.ग. / म. प्र. एवं सहप्रभारी उत्तरप्रदेश,
राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नरेन्द्र मोदी विचार मंच,
मोबा. 9575360847, 8982420033, 8349075867, 8085162607, 7999128647,
मेल आईडी : narendramodivicharmanch0123@gmail.com

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमके दिलेश कुमार



लवन। विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर नेपाल के लुम्बिनी में 14 सितंबर 2025 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में नगर पंचायत लवन, वार्ड क्रमांक 12 निवासी तथा जिला बलौदा बाजार के नव सृजनकार कवि और सहायक शिक्षक दिलेश कुमार फेकर को "विश्व हिन्दी रत्न मानद उपाधि सम्मान" से सम्मानित किया गया। दिलेश कुमार फेकर पेशे से सहायक शिक्षक हैं और शिक्षा के साथ साहित्य में भी उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। उनकी रचनाएं विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं तथा साझा संकलनों में प्रकाशित हो चुकी हैं। शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें अब तक कई स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। यह प्रतियोगिता शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाऊंडेशन नेपाल द्वारा आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य देवनागरी लिपि का संरक्षण, नेपाल-भारत मैत्री संबंधों को मजबूत करना, हिन्दी भाषा-साहित्य का विकास और नई साहित्यिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था।

### बालिका सुरक्षा पर हुई स्पर्धा, साक्षी ध्रुव प्रथम

**महासमुंद**। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसका विषय "वर्तमान परिदृश्य में बालिका सुरक्षा" रहा। प्रतियोगिता में विद्यालय की बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिनमें से साक्षी ध्रुव ने प्रथम, सुश्रिया कुर्रे ने द्वितीय तथा डाली चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य जीआर सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जागेश्वरी सोनवानी परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन, पूजा धनगर परामर्शदाता चाइल्ड हेल्पलाइन, ममता मरकाम ओआरडब्लू बाल संरक्षण इकाई तथा महेंद्र साहू ओआर डब्ल्यू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन तुलसी राम साहू ने किया। इस अवसर पर विमल मन्नाडे, संजय मांझी, खोमन चंद्राकर, आशीष देवांगन, हेमंत खुंटे, पूजा साहू, ज्योति किरण चंद्राकर, अनिता साहू, नोबल ध्रुव, खेमलता कंवर, दुर्गेश नंदिनी यदु सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### ग्रामीण व शहरी युवाओं को मिलेगा अवसर

**महासमुंद**। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में युवाओं को स्वरोजगार के लिए सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बेरोजगार युवाओं को उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करना है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एमएल साहू ने बताया कि योजना के तहत निर्माण क्षेत्र में 50 लाख रुपए तथा सेवा क्षेत्र में अधिकतम 20 लाख रुपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। ऋण स्वीकृति उपरांत शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत तक का अनुदान भी दिया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र 202507210100053 अ-21 (4) वर्ष 2024-25, ग्राम करही, प.ह.नं. 38, तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक चैनसिंग पिता जेठू, जाति कुर्मी निवासी व कास्तकार करही तहसील सुहेला, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम करही प.ह.न. 38 तहसील- सुहेला स्थित खसरा नंबर 725 रकबा 0.500 हे. भूमि को अनावेदक श्री सीमेंट लिमिटेड खपराडीह, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को आपसी सौदा मूल्य 15,00,000/- रूपये (अक्षरी पन्द्रह लाख रूपये) प्रति एकड़ की दर से भूमि विक्रय करने का सौदा किया है, तथा बयाना राशि 1,73,000/- रूपये (अक्षरी एक लाख तिहत्तर हजार रूपये) आवेदक द्वारा प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7) के तहत आवेदन पत्र बी- 1. खसरा पांचसाला, ईकरारनामा सहित संलग्न किया है। जो कि जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा से प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 19/9/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/09/2005 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार सुहेला

# मिशन पहल के तहत थाना सरसींवा में हुआ साइबर सुरक्षा व सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम

## साइबर ठगी, ओटीपी जालसाजी और अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

थाना सरसींवा में आज मिशन पहल के तहत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी वीणा यादव की अगुवाई में ग्रामीणों को बढ़ते साइबर अपराध और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण शामिल हुए।

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, बैंकिंग धोखाधड़ी, ओटीपी और सोशल मीडिया से जुड़ी ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहना जरूरी है। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें और यदि साइबर अपराध से जुड़ी कोई समस्या सामने आती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा हथियार है।

ग्रामीणों से अपील की गई कि वे ऐसे अवैध कार्यों से दूर रहें और समाज को स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाने में सहयोग दें। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाएँ दूर कीं और पुलिस अधिकारियों से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए।



### शराब के दुष्प्रभावों से भी कराया अवगत

इसी क्रम में कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को कच्ची महुआ शराब के दुष्प्रभावों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अवैध शराब न केवल समाज को नुकसान पहुँचाती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। शराब के सेवन से होने वाली बीमारियाँ, पारिवारिक कलह और सामाजिक अव्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## तैयारी : विसर्जन व्यवस्था, सुरक्षा और सफाई को लेकर रखे गए सुझाव

# नवरात्र-दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नवरात्र एवं दशहरा पर्व को लेकर थाना परिसर में सोमवार की शाम शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित विभिन्न दुर्गा पंडाल के सदस्यों ने मांग रखी कि विसर्जन के दौरान नगर में प्रवेश करने वाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध किया जाए।

शिवनाथ नदी में दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था हो उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था साथ ही विसर्जन स्थल पर समुचित साफ सफाई आदि की मांग रखी। वहीं एसडीएम अतुल शेटे ने कहा कि नवरात्र पर्व हम सभी को मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाना है। जहां सभी समितियों के सदस्यों की भूमिका अहम् रहेंगी। वहीं थाना प्रभारी रितेश मिश्रा ने कहा कि सभी समितियों के कार्यकर्ता रात्रि में अपनें -अपनें पंडालों में अवश्य रहें। सड़कों पर पंडाल न लगाएं जिससे किसी भी आने जाने वाले को कोई परेशानी न हो। विसर्जन के दौरान समितियों के सदस्यों का एक विशेष परिधान रहें ताकि समिति के लोगों को आसानी से पहचाना जा सके। साथ वालंटियर भी रहे जिससे किसी को परेशानी न हो। बैठक में प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, उपाध्यक्ष विकास सोनकर, तहसीलदार अनुराग भट्ट, मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामकृष्ण साहू, पार्षद सचिन जैन, टेबू देवांगन, परदेशी सोनकर, रूझून सोनकर, विष्णु जायसवाल, अनूप तिवारी, बहोरनलाल ताम्रकार, अमृत पंजवानी, दीनबन्धु शर्मा, माया सलूजा, राजू कोसले सहित विभिन्न दुर्गा समितियों के सदस्य मौजूद रहे।



### नवरात्रि पर होगा भव्य रास गरबा एवं सुआ नृत्य



पलारी। इस नवरात्र पर पलारी में 28 और 29 सितंबर को जगत जननी मां दुर्गा के स्वागत और वंदन के लिए गरबा और सुआ नृत्य का अद्भुत थीम देखने को मिलेगा इसके लिए प्रतिभागियों तैयारी शुरू कर दी है और गरबा और सुआ नृत्य का कला सीख रहे हैं। यह कार्यक्रम नगर के दशहरा मैदान में माँ अम्बे रास गरबा उत्सव समिति के तत्वाधान में किया जा रहा है, जिसका प्रशिक्षण 10 सितम्बर से नगर स्थित मां गायत्री मन्दिर परिसर में प्रारम्भ हो चुका है जो 26 सितम्बर तक चलेगा। इस आयोजन को लेकर नगर की माताएं एवं बहनों में भारी उत्साह का माहौल है। भारी संख्या में प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे है एवं आयोजक समिति द्वारा पंजीयन किया जा रहा है जिसमे प्रतिदिन नए प्रतिभागी अपना पंजीयन करा रहे है और भारी उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

# साहू समाज की समीक्षा बैठक में निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत चकवे के साहू भवन में साहू समाज की समीक्षा बैठक हर्षोल्लासपूर्ण माहौल में आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मा कर्मा की पूजा-अर्चना, नारियल, श्रीफल, तिलक व दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना कर समाज में एकता, संगठन और भाईचारे का संकल्प लिया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज की गतिविधियों की समीक्षा और ग्राम स्तर पर पदाधिकारियों का निर्वाचित करना था। उल्लेखनीय है कि इस बार सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से निर्विरोध हुआ, जिसने समाज में आपसी विश्वास और एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

बैठक में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और सामाजिक उत्थान हेतु सुझाव रखे गए। पदाधिकारियों ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा समाजहित में कार्य करने का आश्वासन दिया। अंत में सभी उपस्थित जनों ने समाज की प्रगति और एकता के लिए सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारी

अध्यक्ष नोहरसिंह साहू, उपाध्यक्ष सेतराम साहू, सचिव जीवनलाल साहू, महिला प्रकोष्ठ चंद्रिका साहू (पति राखीराम साहू), भीखेश्वरी साहू (पति रामलाल साहू), नवचयनित पदाधिकारियों का स्वागत वरिष्ठजन व ग्रामीणों ने गुलाल, पुष्प और श्रीफल अर्पित कर किया। इस अवसर पर "मा कर्मा माता की जय", "राजीम दाई की जय", "वीर भामाशाह अमर रहें" जैसे जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।

# राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में होशिल का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन माधव राव सप्रे शाला में दिनांक 04 सितंबर 2025 स्कूल खेल एस.जी.एफ.आई. के तत्वधान में टेबल टेनिस का आयोजन हुआ जिसमें होशिल चौहान का टेबल टेनिस अंडर 14 स्टेट में चयनित हुआ।

होशिल चौहान ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय खरोरा का नाम गौरांवित किया। उसके इस प्रदर्शन से शाला के प्राचार्य रजनी मिंज, वरिष्ठ व्याख्याता पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत खरोरा उपाध्यक्ष सुमित सेन, एवं समस्त हिंदी अंग्रेजी माध्यम शाला



परिवार ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए, उज्ज्वल भविष्य की कामना किए।

### 25 को होगी स्पर्धा

छात्र होशिल दुर्ग में होने वाले स्टेट टेबल टेनिस में खेलेंगे जो 25 सितंबर 2025 को आयोजित होगी, उसमें अगर विजेता होता है तो, सीधे नेशनल में अपनी जगह बना लेंगे। योगेन्द्र त्रिपाठी व्यायाम शिक्षक ने बताया कि होशिल चौहान लगातार 2 वर्षों से अभ्यास कर रहे थे, उसके खेल प्रतिभा को देख व्यायाम शिक्षक को अंदाजा हो गया था कि होशिल चौहान इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जरूर उचित स्थान बना के नेशनल तक पदक जीत माता पिता एवं विद्यालय परिवार का नाम रोशन

# सेन समाज कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

- कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ की प्रान्तीय बैठक सम्पन्न, संगठन विस्तार पर जोर

रायपुर में छ.ग. प्रान्त सेन (नाई) समाज, कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत संत शिरोमणि सेन जी महाराज की प्रतिमा पूजन से हुई। प्रदेश सचिव ओमप्रकाश सेन ने बताया कि 33 जिलों में से 10 जिलों में कार्यकारिणी का गठन और 5 जिलों में प्रभारी नियुक्त किए जा चुके हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शेष जिलों में भी 10-15 सदस्यीय



कार्यकारिणी बनाई जाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष पुनीतराम सेन ने प्रांतीय बायलॉज निर्माण व कोष की सुदृढ़ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षित वर्ग को सामाजिक बैठकों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। बैठक में समाज के युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और स्वरोजगार योजनाओं पर विशेष ध्यान देने पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश संयुक्त सचिव के रूप में गोल्ड मेडलिस्ट श्रीमती दीपिका सेन की नियुक्ति की गई। साथ ही कई जिलों में अध्यक्ष, संरक्षक व प्रभारी पदों पर नियुक्तियां दी गईं। आगामी समय में संभाग स्तरीय बैठकों के आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांतीय व जिला पदाधिकारी, संरक्षक एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शासकीय दाऊ कल्याण कला महाविद्यालय में मना हिन्दी दिवस

# हिंदी दिवस पर गूंजा राष्ट्रभाषा का गौरव गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में 15/09/2025 को हिन्दी दिवस का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ उपस्थित रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर यूके मिश्र कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.ए.आर.जी. जेम्स प्राचार्य शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रही।





विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. सी के चंद्रवंशी रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में हिंदी भाषा की महत्व पर प्रकाश डाला, मुख्य अतिथि डॉ. यूके मिश्रा ने हिंदी भाषा के इतिहास से लेकर वर्तमान तक की स्थिति से अवगत कराया उन्होंने हिंदी को राष्ट्र किया आत्मा और सबसे वैज्ञानिक राष्ट्रभाषा से सुशोभित किया। इस अवसर पर हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ रीता यादव, डॉ. राजेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. स्मिता जयसवाल, डॉ. नीरजा नामदेव, एवं संस्था के अन्य प्राध्यापक एवं हिंदी के छात्र-छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीएचडी शोधर्थी हरिद्वार ध्रुव ने किया।

### सशक्त नारी से सशक्त भारत की ओर एक कदम



बलौदाबाजार। शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में 11/09/2025 को संकल्प भारत, सक्षम नारी, सशक्त भारत पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत व्याख्यान विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ एआरसी जेम्स के द्वारा पोषण एवं स्वास्थ्य, स्वच्छता, स्त्री जन्य रोग विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। डॉ. नबी खान विभागाध्यक्ष विधि विभाग द्वारा लीगल जागरूकता के तहत स्त्री धन, घरेलू हिंसा, भारतीय न्याय संहिता अधिनियम पर महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकार पर ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में डॉ. रीता यादव, तारा पटेल सहायक प्राध्यापक एवं अधिकाधिक छात्राएं सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी.जेम्स के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त सुशीला गिलहरे सहायक प्राध्यापक के द्वारा किया गया।

# सीतापार ग्राम संगठन में पदाधिकारियों का चयन



**खरोरा**। सीतापार ग्राम पंचायत में महिला ग्राम संगठन की बैठक सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। आठ वर्षों बाद हुए चुनाव में पूर्व पदाधिकारी ही पुनः निर्वाचित हुए। गीता उर्फ डाबला यादव अध्यक्ष, सुनीता बांधे सचिव और आशा साहू कोषाध्यक्ष चुनी गईं। महिलाओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और मिठाई बांटकर खुशी मनाई। बैठक में एशिया कुर्रे ने संगठन की उपलब्धियां गिनाते हुए सीतापार को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प दोहराया। सभी महिलाओं ने संगठन की मजबूती और समाज सेवा के लिए एकजुट होकर काम करने का आश्वासन दिया।

## पेज 13 के शेष

### सर्पदंश से हुई ...

बच्ची को डस लिया। परिजनों को इस बात का पता सुबह करीब 6 बजे चला, जब गंगाप्रसाद ने देखा कि भूमि के मुंह से झाग निकल रहा था और उसकी सांसें थम चुकी थीं।

### नपाध्यक्ष की शिकायत...

सदस्यीय संयुक्त जांच समिति का गठन कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता बलौदाबाजार तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, भाटापारा को जांच समिति में शामिल किया गया है। समिति को निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी पक्ष और कार्य पद्धति की समीक्षा कर 7 दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने स्पष्ट कहा है कि जनता के धन से हो रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। भविष्य में भी जनहित सर्वोपरि रहेगा।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


मिलनसार, सरल
और प्रेरणादायी
व्यक्तित्व के धनी
नगर पालिका परिषद
भाटापारा के अध्यक्ष
आदरणीय
श्री अश्वनी शर्मा जी
को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ।
17 सितम्बर
विनीत : भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा शहर मंडल, भाटापारा

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
15 सितम्बर 2025 SHOW TIME
बागी - 4
शो समय - 6:00 PM
मिराई सुपर योद्धा
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
खारून पार (CG)
शो समय - 12:00,3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# रेल प्रोजेक्ट से प्रभावित 36 गांवों में ज़मीन खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटी

## 150 मीटर परिधि से बाहर के खसरा नंबरों पर नहीं रहेगी कोई पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ कलेक्टर ने संशोधित आदेश किया जारी, राजस्व अनुभाग में सूची उपलब्ध

बलौदाबाजार खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा परियोजना 5 वी एवं 6 वी लाईन (278 कि.मी.) के संबंध भू अर्जन हेतु राजस्व अनुभाग बलौदाबाजार एवं पलारी के प्रभावित 36 गांव के 150 मीटर परिधि के बाहर वाले खसरा नंबर की जमीन के खरीदी -बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया है। सजारी आदेशानुसार उप मुख्य अभियंता बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रस्ताव के अनुसार पूर्व मे जारी आदेश में संशोधन करते हुए अनुभाग बलौदाबाजार के ग्राम धनगांव, ताराशिव, अमलकुण्डा, मिश्राईनडीह, भदरा, सुढ़ेली, सेमराडीह, खैदा, बिटकुली, छुईहा, पनगांव, मगरचबा, सकरी, गोडखपरी, दशरमा, रिसदा, पुरान, ठेलकी, खम्हरिया, चांपा, पौसरी, भरूवाडीह एवं अनुभाग पलारी के ग्राम सैहा, गुमा, गितकेरा, अमलीडीह, चुचरूंगपुर, छिराही, गाड़ाभाठा, सरकीपार, खपरी, परसवानी, छेरकाडीह, रेंगाडीह, मुसवाडीह, जारा, कुल 36 गांव के संलग्न सूची अनुसार खसरा नम्बरों के चारों ओर 150 मीटर की परिधि के समस्त भू-भाग पर आगामी आदेश तक क्रय-विक्रय, नामान्तरण, बटवारा, (डायवर्सन) निर्माण कार्य एवं अन्य कार्यों पर रोक है।



### कलेक्टर ने किया आदेश जारी

अनुसार खसरा नम्बरो के चारो ओर 150 मीटर की परिधि के समस्त भू-भाग पर आगामी आदेश तक क्रय-विक्रय, नामान्तरण, बटवारा, व्यपवर्तन (डायवर्सन) निर्माण कार्य एवं अन्य लाभप्रद कार्यों पर रोक रहेगा। इस सम्बन्ध में कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा मंगलवार को आदेश जारी कर दिया गया है जो तत्काल प्रभावशील होगा। उक्त ग्रामो के शेष खसरा नम्बरों पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाया गया है। रोक हटाए गए खसरा नंबरों की सूची राजस्व अनुभाग में उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप



### रायगढ़ प्रवास के दौरान टुंडरी पहुंचे शिव डहरिया

**गिधौरी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया मंगलवार को रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम टुंडरी में छत्रसाल साहू के निजी कार्यक्रम और बिलाईगढ़ में शैलेंद्र देवांगन के मंदिर दर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने महा औघड़ रौद्र बाबा के सिद्ध मूर्तियों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। ज्ञात हो कि यहां की मूर्तियां अपने आप स्थान बदलने के चमत्कार से लोगों की आस्था का केंद्र बनी हुई हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की और तत्पश्चात गंतव्य के लिए रवाना हुए। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने भी दर्शन लाभ लिया।

### आलोक सिंह ठाकुर का पलारी में भव्य स्वागत



**पलारी** | भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ का नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बनने के उपरांत आलोक ठाकुर का जिला बलौदाबाजार प्रवास के दौरान पलारी मंडल मे हुआ भव्य स्वागत अभिनन्दन | इस बीच स्वागत में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, भाजपा वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अजा मोर्चा दुर्गा महेश्वर, किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी धीरज मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, भाजपा नेता इंद्रदेव वर्मा, आईटी सेल जिला संयोजक नेतरंजन निर्मलकर, जिला महामंत्री किसान मोर्चा अमित वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीम यादव, सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, प्रदेश भाजयुमो विशेष आमंत्रित सदस्य संकेत वर्मा, विकास साहू एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे |

### विद्यालय में दिलाई गई स्वच्छता की शपथ



**पलारी।** मंगलवार को दतान प प्राथमिक एवं पूर्व-माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता पखवाडा अंतर्गत छात्र - छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाया गया साथ ही विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को स्वच्छता के विषय में सारगर्भित रूप से समझाया गया जिसे बच्चों ने ध्यानपूर्वक सुना और अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया उपस्थित सभी ने अपने घर, मोहल्ले ,स्कूल एवं संपूर्ण ग्राम में स्वच्छता की अलख जगाने की बात कही उक्त अवसर पर प्रधान पाठक देवकी ध्रुव, अनिता रात्रे, सरस्वती वर्मा, कमलेश कुमार साहू, अभिषेक महोबे, श्रवण कुमार साहू, प्रकाश कुमार सेन, शिव कुमार वर्मा, देवेश साहू, सुदेश विश्वकर्मा, तेजराम साहू, मधु फेकर सहित विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

### निधन

#### लखन लाल साहू

पलारी | ग्राम ओड़ान निवासी **लखन** लाल साहू का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया है | उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जंहा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। वे श्यामलाल, हेमंत, टिकेश्वर साहू के भाई और ओम प्रकाश साहू के पिता थे।

## पहल : तीन नए शिक्षकों की नियुक्ति से पढ़ाई में आई गुणवत्ता

# युक्तियुक्तकरण से साराडीह स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता में आया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ डिजिटल लर्निंग और खेल-खेल में शिक्षा से बच्चे हो रहे आत्मविश्वासी




विकासखंड पलारी के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला साराडीह हमें शिक्षा के क्षेत्र में एक सुखद बदलाव देखने को मिला है। यह बदलाव लाया है युक्तियुक्तकरण (टीईटी - टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) योजना ने, जिसके माध्यम से स्कूल में तीन नए योग्य शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। इन शिक्षकों के आगमन से स्कूल में पढ़ाई के स्तर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

युक्तियुक्तकरण का मुख्य उद्देश्य शिक्षण पदों के लिए योग्य और प्रशिक्षित शिक्षकों का चयन करना है। इसी कड़ी में साराडीह प्राथमिक शाला में तीन नए शिक्षकों की तैनाती ने स्कूल के शैक्षणिक माहौल को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। पहले जहां छात्रों की शैक्षणिक प्रगति धीमी थी, वहीं अब नए शिक्षकों के नवीन तरीकों और समर्पित मेहनत के चलते बच्चों की पढ़ाई में जबरदस्त सुधार देखा जा रहा है।

स्कूल समन्वयक मनोज कुमार गायकवाड़ ने बताया युक्तियुक्तकरण से मिले इन नए शिक्षकों ने न केवल पढ़ाई पर ध्यान दिया है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी जोर दिया है। डिजिटल लर्निंग, खेल-खेल में पढ़ाई और नियमित मूल्यांकन से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा है। ग्रामीणों और अभिभावकों का भी मानना है कि स्कूल में आया यह सकारात्मक बदलाव उनके बच्चों के भविष्य के लिए एक सुनहरे अवसर की तरह है। एक अभिभावक जीवन लाल साहू ने कहा, पहले हमारे बच्चे स्कूल जाने में ज्यादा रुचि नहीं दिखाते थे, लेकिन अब वे रोज स्कूल जाने के लिए उत्साहित रहते हैं। उनके पढ़ने-लिखने का तरीका भी बहुत बेहतर हुआ है।




# दलदली रास्ते, टूटी सड़कें और गंदगी से ग्रामीण त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पलारी ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेलकी विकास के सरकारी दावों को ध्वस्त करता प्रतीत हो रहा है। गाँव की गलियां दलदल में बदल चुकी हैं, नालियों का अभाव है और मुख्य सड़कें गहरे गड्ढों से भरी पड़ी हैं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है।

ग्राम का प्राथमिक विद्यालय भी उपेक्षा का शिकार है। 74 बच्चों पर केवल दो शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार यह अनुपात अवैज्ञानिक और अव्यवहारिक है। स्कूल के सामने कचरे का ढेर लगा है, जिससे उठती दुर्गंध से विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारी परेशानी हो रही है। हर घर नल-जल योजना पूरी तरह विफल दिख रही है। महीने में गिनती के दिनों में ही पानी मिलता है, जिससे महिलाएं दूर-दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं। साप्ताहिक बाजार और श्मशान घाट की स्थिति भी अत्यंत दयनीय है।

**पानी की किल्लत बनी आम समस्या:** गांव में जलापूर्ति व्यवस्था बेहद बदहाल है। नल-जल योजना कागजों पर सीमित रह गई है और ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

**शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित :** विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई अभिभावक बार-बार शिकायत कर चुके हैं, पर अब तक समाधान नहीं हुआ।

# विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस में हुई विचार गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, खरोरा में विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस पर जागरूकता अभियान के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रीतारानी वर्मा एवं रजनी त्रिपाठी ने किया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण कर ओजोन परत संरक्षण का संदेश दिया। टेकेश्वर देवांगन, शिवानी, कंचन, गुंजन साहू व अन्य विद्यार्थियों ने तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत कर कहा कि ओजोन परत का क्षरण मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा है।

प्राचार्य रजनी मिंज ने अपने उद्बोधन में 1987 के मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की महत्ता बताते हुए कहा कि इससे क्लोरोफ्लोरो कार्बन एवं हैलोजन गैसों के उत्पादन पर रोक लगाई गई। वरिष्ठ व्याख्याता पुरुषोत्तम देवांगन ने ग्लोबल वार्मिंग के खतरों और ग्रीनहाउस गैसों के प्रभाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में व्याख्याता शाहिना परवीन, संगीता नायक सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। गोष्ठी का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण की चेतना जागृत करना और सूर्य की हानिकारक किरणों से बचाव हेतु ओजोन परत की महत्ता समझाना रहा।

# कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी ने सोमवार को सर्किट हाउस बलौदाबाजार में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को नीतिगत सुझाव शासन स्तर पर भेजने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ हर कृषक तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

बैठक में अध्यक्ष ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लिए विभागीय उपस्थिति में मृदा नमूना लेने पर जोर दिया। किसानों को मक्का, सरसों, लघु धान्य जैसी वैकल्पिक फसलों के लिए प्रेरित करने, ऑइल पाम की खेती को बढ़ावा देने, और नैनो यूरिया के छिड़काव हेतु ड्रोन तकनीक अपनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भारतीय किसान संघ के मंत्री अभय करवई, कृषि, उद्यान, पशुधन, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई एवं विपणन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गोदाम निर्माण और यंत्र वितरण पर खास फोकस

अध्यक्ष ने एनएफएसएम योजना के अंतर्गत गोदाम निर्माण के लक्ष्य में वृद्धि की बात कही और लागत आकलन को समयानुकूल करने का सुझाव दिया। इसके साथ ही, कृषि यंत्र वितरण का लक्ष्य बढ़ाकर अधिक किसानों को लाभान्वित करने की आवश्यकता जताई। बैठक में कुक्कुट पालन को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने, मत्स्य पालन के लक्ष्य को बढ़ाने और नहरों के माध्यम से सभी खेतों तक सिंचाई जल सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अधोसंरचना निर्माण में गति लाने की बात कही गई।

# शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में सोमवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.बीरू लाल बरगाह, संगीता साहू (अतिथि व्याख्याता हिंदी), डॉ. रणजीत सिंह (अतिथि व्याख्याता हिंदी ),एम.ए.तृतीय सेमे.एवं प्रथम सेमेस्टर के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। प्राचार्य ने सर्वप्रथम सरस्वती माता की छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

एम.ए.तृतीय सेमेस्टर की छात्रा केसरी साहू, रंजना वर्मा एवं छात्र पोषण साहू के द्वारा मंच संचालन किया गया। प्राचार्य ने हिंदी की संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए भारतेंदु हरिश्चंद्र की काव्य पंक्तियों के माध्यम से हिंदी का महत्व बताया । संगीता साहू ने हिंदी को भारत की सांस्कृतिक सेतु बताते हुए इसके प्रचार प्रसार एवं सम्मान पर जोर दिया। डॉ रणजीत सिंह ने भारत के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हिंदी के बढ़ते सम्मान एवं प्रभाव को बताया।

### देवरी स्कूल में स्वच्छता के लिए दिलाई गई शपथ

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत समस्त छात्र-छात्राओं और स्टॉफ को स्वच्छता अपनाने के लिए शपथ दिलाई गई। शपथ कार्यक्रम प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने अपने आप को, अपने विद्यालय को अपने गाँव को अपने देश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया।

# 6 बालिकाओं को मिली निशुल्क साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



विकासखंड पलारी के अंतर्गत ग्राम रीवाडीह शासकीय हाई स्कूल में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 6 बालिका को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया जिन्हें गुलाल से तिलक लगाकर मुंह मीठा कर बालिका का सम्मान भी किया गया | भाजपा मंडल रोहसी के अध्यक्ष विजय कोसले ने छात्र-छात्रा को कहा कि आप सभी नियमित स्कूल आया करें और शिक्षा ग्रहण कर आप प्रगति की ओर बढ़ते रहे हैं जिससे हमारे गांव और हमारे क्षेत्र की एक अलग पहचान बनेगी जिससे हमारी क्षेत्र में गांव का एक अलग नाम रहेगा | शिक्षक द्वारा जो भी गृह कार्य आपको दिया जाता है उसे जरूर घर से आवश्यक करके आए और शिक्षक की सम्मान करें शिक्षक हमारे गुरु है | जनार्दन वर्मा ने कहा कि छात्र-छात्राएं अपनी समय को देखते हुए समय में स्कूल पहुंचे और शिक्षा प्राप्त करें ताकि हमारे आने वाला कल सुनहरा रहे और बच्चे साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें शिक्षकों का आदेश का पालन करे जिससे हमारी गांव का नाम रोशन हो साइकिल मिलने से बालिका ने अपने शिक्षक एवं अतिथियों का अभिवादन किया और खुशी जाहिर की |

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, जनपद सदस्य सभापति जनार्दन वर्मा, जनपद सदस्य कृष्णा आजाद, जनपद चरण कोसले, प्रतिनिधि मुकेश चंद्राकर, सरपंच इंद्राणी रोहिदास, उप सरपंच हेमंत ध्रुव, दौलत यादव, ओंकार प्रसाद वर्मा, प्राचार्य दाऊलाल बांधे, पिंकी वर्मा, लता यादव, रमेश ध्रुव, सियाराम साहू, गजेंद्र यादव, विशाल धवडी, हेमंत साहू, के राय, ए के वर्मा, जी आर निषाद, एल सी साहू शिक्षक गण सहित छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।




